# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

## माननीय प्रबन्ध परिषद की 28वीं बैठक दिनाँक 31 जनवरी, 2015 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 28वीं बैठक दिनाँक 31 जनवरी, 2015 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई।

बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् थीः–

| | |
|---|---|
| 1. डा0 हरि शंकर गौड़, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. श्री ओम प्रकाश शर्मा, मा0 विधान परिषद सदस्य | सदस्य |
| 3. श्री संगीत सिंह सोम, मा0 विधायक | सदस्य |
| 4. श्री प्रभुदयाल वाल्मीकि, मा0 विधायक | सदस्य |
| 5. श्री अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान | सदस्य |
| 6. श्री रणबीर सिंह, लाइव स्टाक ब्रीडर | सदस्य |
| 7. श्री अनिल कुमर यादव, कृषि उद्योगपति | सदस्य |
| 8. डा0 महेश कौशिक कृषि वैज्ञानिक | सदस्य |
| 9. श्री गनेश चन्द्र उर्फ फौजी, प्रगतिशील कृषक | सदस्य |
| 10. श्रीमती संगीता राहुल, सामाजिक महिला कार्यकत्री | सदस्य |
| 11. डा0 एस0के0 कौशिक, संयुक्त निदेशक, आई0सी0ए0आर0 प्रतिनिधि | सदस्य |
| 12. श्री पारसनाथ सिंह, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 13. श्री राम चन्द्र सिंह, संयुक्त कृषि निदेशक, मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक कृषि, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 14. श्री एस0के0 सिंह, अपर निदेशक, पशुपालन (निदेशक पशुपालन के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 15. श्री सत्येन्द्र कुमार, वित्त नियंत्रक | सचिव |

मा0 कुलपति जी द्वारा माननीय प्रबन्ध परिषद के सभी सम्मानित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय की प्रगति एवं समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराते

2/2/15      2/2/15

हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की घोषणा की गयी। वर्ष 2013 से 2014 तक की अवधि में विश्वविद्यालय में अनुसंधान, शिक्षा, प्रसार, प्रशासन एवं वित्तीय प्रबन्धन में सराहनीय प्रगति पर विस्तृत जानकारी Power Point Presentation के माध्यम से प्रस्तुत की गयी जिसकी सभी सदस्यों द्वारा प्रशंसा की गयी।

**प्रस्ताव संख्या 28.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 27वीं बैठक दिनाँक 28 जुलाई, 2014 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

दिनाँक 28 जुलाई, 2014 को सम्पन्न 27वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**प्रस्ताव संख्या 28.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 27वीं बैठक दिनाँक 28 जुलाई, 2014 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा दिनाँक 28 जुलाई, 2014 को सम्पन्न 27वीं बैठक की अनुपालन आख्या का अवलोकन करते हुए बिन्दु संख्या–27.7 के सम्बन्ध में वित्त समिति द्वारा गठित की गयी उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त कर 15 दिवसों के अन्दर प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उ0प्र0 शासन/विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार कार्रवाई कर मा0 प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में अवगत कराया जाये।

**(कार्रवाईः वित्त नियंत्रक)**

**प्रस्ताव संख्या–28.3 : वित्तीय वर्ष 2014–15 का पुनरीक्षित तथा वित्तीय वर्ष 2015–16 का अनुमानित आय–व्ययक।**

मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 का पुनरीक्षित तथा वित्तीय वर्ष 2015–16 का आय–व्ययक वित्त समिति की संस्तुति के अनुसार अनुमोदित किया गया।

धनराशि लाख रू0 में

| क्र0 सं0 | विभिन्न प्राप्तियां एवं व्यय | वास्तविक आंकड़े 2013–14 | आय–व्ययक अनुमान 2014–15 | पुनरीक्षित अनुमान 2014–15 | आय–व्ययक अनुमान 2015–16 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्व प्राप्तियां | 5674.47 | 8901.79 | 7738.54 | 10120.60 |
| 2 | पूँजीगत प्राप्तियां | 3545.36 | 8032.41 | 4442.58 | 8168.74 |

2/2/15 2/2/15

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | **योग (1+2)** | **9219.83** | **16934.20** | **12181.12** | **18289.34** |
| 4 | राजस्व व्यय | 5268.93 | 8890.73 | 7635.57 | 10062.93 |
| 5 | पूँजीगत व्यय | 3545.36 | 8032.41 | 4442.58 | 8168.74 |
| 6 | **योग (4+5)** | **8814.29** | **16923.14** | **12078.15** | **18231.67** |

(कार्रवाईः वित्त नियंत्रक)

**प्रस्ताव संख्या–28.4 : मा0 प्रबन्ध परिषद की 27वीं बैठक दिनाँक 28 जुलाई, 2014 के प्रस्ताव संख्या–27.4 पर दिये गये निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय की पिछले तीन वर्षों की वित्तीय स्थिति का विवरण**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 27वीं बैठक दिनांक 28 जुलाई, 2014 के प्रस्ताव संख्या–27.4 पर दिये गये निर्देशों के क्रम में पिछले तीन वर्षो की वित्तीय स्थिति का अवलोकन कर प्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा आगे भी वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए प्रयास जारी रखने हेतु निर्देशित किया गया। 20 से भी अधिक बचत खातों में उपलब्ध धनराशि को संकलित कर सावधि जमा के रूप में निवेशित कर प्रतिवर्ष रू0 85 लाख से भी अधिक की अतिरिक्त आय अर्जित करने पर भी हर्ष व्यक्त किया गया।

**(कार्रवाईः वित्त नियंत्रक)**

**प्रस्ताव संख्या–28.5 : असमायोजित अग्रिम**

असमायोजित अग्रिमों के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि दिनाँक 31 मार्च, 2013 को विश्वविद्यालय कार्मिकों पर 1000 प्रकरणों में धनराशि रू0 496. 30 लाख का अग्रिम असमायोजित था, जबकि विश्वविद्यालय द्वारा किये गये प्रयासों के उपरान्त दिनाँक 31 मार्च, 2014 को मात्र 142 प्रकरणों में धनराशि रू0 96.94 लाख के अग्रिम असमायाजित रहे। चालू वित्तीय वर्ष 2014–15 में भी अब तक विश्वविद्यालय कार्मिकों से लगभग धनराशि रू0 46.75 लाख तथा कार्यदायी संस्थाओं से लगभग धनराशि रू0 260 करोड़ के सापेक्ष धनराशि रू0 129 करोड़ का समायोजन कराया जा चुका है तथा अवशेष असमायोजित अग्रिमों के समायोजन हेतु तत्परता से कार्रवाई की जा रही है। समायोजित अग्रिमों के लिए सराहना

की गयी तथा समायोजन नहीं कराने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिये गये।

**(कार्रवाईः वित्त नियंत्रक)**

**प्रस्ताव संख्या–28.6 : वित्त समिति की सप्तम् बैठक के निर्णयों का अवलोकन एवं अनुमोदन।**

वित्त समिति की सप्तम् बैठक दिनाँक 27 दिसम्बर, 2014 निणयों का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया।

**(कार्रवाईः वित्त नियंत्रक)**

**प्रस्ताव संख्या–28.7 विद्वत परिषद की 53वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विद्वत परिषद की 53वीं बैठक दिनाँक 02 जनवरी, 2015 की संस्तुतियों को . संकल्प संख्या–08 व संकल्प संख्या–17 को छोड़ते हुए अनुमोदित किया गया।
**संकल्प संख्या–08** को स्थगित करते हुए विधिक परामर्श के आधार पर अग्रेत्तर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये।
**संकल्प संख्या–17:–** विश्वविद्यालय में कार्यरत कार्मिकों के लिए सीधी भत्री के माध्यम से विश्वविद्यालय की नियुक्तियों में आयु सीमा शिथिल करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिये गये।

**(कार्रवाईः कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या–28.8 महामहिम कुलाधिपति जी के प्रमुख सचिव के पत्रांक ई–4827/जी0एस0 दिनाँक 09 जून, 2014 को डा0 रघुवीर सिंह, कार्यवाहक अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय द्वारा मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद रिट याचिका संख्या–35263/2014 डा0 रघुवीर सिंह बनाम उ0प्र0 सरकार व अन्य के द्वारा चुनौती दी गई है। माननीय न्यायालय के उक्त रिट याचिका पर पारित आदेश दिनाँक 22 जुलाई, 2014 के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

उक्त प्रस्ताव का मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अवलोकन कर सहमति व्यक्त की।

**(कार्रवाईः कुलसचिव)**

24/2/15 24/2/15

**प्रस्ताव संख्या–28.9 निदेशक/अधिष्ठाता के पदों पर तैनाती**

उक्त प्रस्ताव को स्थगित करते हुए मा0 प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा वरिष्ठता का निर्धारण करने हेतु 31 मार्च, 2015 तक का समय दिया गया।

**(कार्रवाईः कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या–28.10 विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों/वैज्ञानिकों/अधिकारियों/ कर्मचारियों का सामूहिक स्वास्थ्य बीमा**

उक्त प्रस्ताव को मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा शिक्षकों/वैज्ञानिकों/ अधिकारियों/कर्मचारियों का सामूहिक स्वास्थ्य बीमा निम्न प्रकार अनुमोदित किया गया :–

| क्र0 सं0 | विवरण | संख्या अनुमानित | बीमित धनराशि (लाख में) | प्रति छात्र/कार्मिक देय प्रीमियम | कुल देय प्रीमियम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्मिक ग्रेड पे 1800 से 1900 | 153 | रू0 1.25 | 4420.00 | 676260.00 |
| 2 | कार्मिक ग्रेड पे 2000 से अधिक | 348 | रू0 2.00 | 6875.00 | 2392500.00 |
| 3 | कारपोरेट बफर | – | रू0 20.00 | 225000.00 | 225000.00 |
| | | | | **योग** | 3293760.00 |

बीमा की धनराशि की गणना करके प्रत्येक वर्ष प्रारम्भ में विश्वविद्यालय द्वारा अपने श्रोत से बीमा कम्पनी को जमा करा दिया जायेगा तथा वेतन से प्रतिमाह कटौती कर प्रतिपूर्ति कर ली जायेगी। उक्त योजना कार्मिकों से उनकी सहमति प्राप्त कर दिनाँक 01 मार्च, 2015 से लागू करने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

गम्भीर बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में अपनी सीमा समाप्त होने पर कारपोरेट बफर हेतु प्रति कार्मिक धनराशि रू0 2 लाख की अधिकतम सीमा निर्धारित करते हुए स्वीकृति के अधिकार मा0 कुलपति जी में प्रतिनिहित किये गये।

**(कार्रवाईः कुलसचिव/वित्त नियंत्रक)**

**प्रस्ताव संख्या–28.11 उ0प्र0 के सरकारी कर्मचांरियों को अनुमन्य अनिवार्य सेवानिवृत्ति एवं स्वैच्छिक सेवानिवृत्त की सुविधा/नियमों को विश्वविद्यालय के कर्मचारियों/ वैज्ञानिकों/अधिकारियों के लिये लागू करने के संबंध में।**

उ0प्र0 शासन के पत्रांक सं0–2336/67–कृशिअ–14–200(12)/2014 दिनाँक 29 दिसम्बर, 2014 को उ0प्र0 के सरकारी कर्मचारियों को अनुमन्य अनिवार्य सेवानिवृत्ति एवं स्वैच्छिक सेवानिवृत्त की सुविधा/ नियमों को विश्वविद्यालय के कर्मचारियों/वैज्ञानिकों/अधिकारियों के लिए लागू करने हेतु मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया।

**(कार्रवाई: कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या–28.12 सप्तम दीक्षांत समारोह दिनाँक 16 फरवरी, 2015 को मुख्य अतिथि डा0 हरि शंकर गुप्ता, महानिदेशक, बोरलॉग इन्स्टीटयूट साउथ एशिया, नई दिल्ली को मानद उपाधि से सम्मानित करने के संबंध।**

सप्तम दीक्षांत समारोह दिनाँक 16 फरवरी, 2015 को मुख्य अतिथि डा0 हरि शंकर गुप्ता, महानिदेशक, बोरलॉग इन्स्टीटयूट फार साउथ एशिया, नई दिल्ली को मानद उपाधि से सम्मानित करने हेतु मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया।

**(कार्रवाई:–कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या–28.13 कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ एवं Indian Council of Agricultural Research (New Delhi) Institutes के बीच स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के शोध हेतु संशोधित MoU का अनुमोदन करने के संबंध में।**

कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ एवं Indian Council of Agricultural Research (New Delhi) Institutes के बीच स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के शोध हेतु संशोधित MoU का मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया।

**(कार्रवाई:–निदेशक, अनुसंधान केन्द्र)**

2/2/15 2/2/15

**अन्य बिन्दु**

श्री संगीत सिंह सोम, सदस्य, मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा भर्तियों के लिये आयोजित परीक्षा प्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया तथा परीक्षा को निरस्त करते हुए पुनः परीक्षा आयोजित करने का प्रस्ताव किया गया। मा0 सदस्य को अवगत कराया गया कि भर्ती परीक्षा का आयोजन नियमानुसार किया गया है। अतः उक्त परीक्षा को पुनः आयोजित कराना उपयुक्त नहीं होगा। जिसपर समस्त सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी। भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में श्री संगीत सिंह सोम, मा0 सदस्य को अवगत कराया गया कि समस्त पदों पर भर्तियाँ उ0प्र0 शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों/अनुमोदन उपरांत ही आयोजित की जा रही हैं।

श्री संगीत सिंह सोम, सदस्य, मा0 प्रबन्ध परिषद के अन्य सुझावों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस सम्बन्ध में शीघ्र ही नीतिगत निर्णय हेतु मा0 प्रबन्ध परिषद में प्रस्ताव लाया जायेगा।

अन्त में सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त क़िया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

24/5

**(सत्येन्द्र कुमार)**
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद

अनुमोदित

24/5

**(डा0 हरि शंकर गौड़)**
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद

# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

## माननीय प्रबन्ध परिषद की 28वीं बैठक दिनाँक 31 जनवरी, 2015 का संशोधित कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 28वीं बैठक दिनाँक 31 जनवरी, 2015 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई।

**प्रस्ताव संख्या–28.7 विद्वत परिषद की 53वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विद्वत परिषद की 53वीं बैठक दिनाँक 02 जनवरी, 2015 की संस्तुतियों को संकल्प संख्या–08 व संकल्प संख्या–17 को छोड़ते हुए अनुमोदित किया गया।

**संकल्प संख्या–08** को स्थगित करते हुए विधिक परामर्श के आधार पर अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा।

**संकल्प संख्या–17:–** विश्वविद्यालय में कार्यरत कार्मिकों के लिए सीधी भर्ती के माध्यम से विश्वविद्यालय की नियुक्तियों में आयु सीमा शिथिल करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिये गये।

**(कार्रवाई: कुलसचिव)**

18/3/15

**(सत्येन्द्र कुमार)**
वित्त नियंत्रक / सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद

अनुमोदित

18/3/15

**(डा0 हरि शंकर गौड़)**
कुलपति / अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद